# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 राहुल का केन्द्र सरकार पर बड़ा हमला


6 कम उम्र में जीवन बीमा खरीदना सबसे बेहतर


7 10 अरब डॉलर पहुंचा स्मार्टफोन निर्यात


8 भारत की झोली में अब तक 12 मेडल


# लोक परीक्षा संशोधन बिल पास

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल तक स्थगित

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. लोकसभा में हंगामे के बीच बुधवार को 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' ध्वनिमत से पारित हो गया. वहीं, राज्यसभा में वंदे मातरम बिल भी पास हो गया. विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोक झोक देखने को मिली.**

सरकार ने इसे सार्वजनिक परीक्षाओं की विश्वसनीयता मजबूत करने वाला कानून बताया, वहीं, राहुल गांधी के असंसदीय टिप्पणियों पर भी जोरदार बहस हुई. सदन में संशोधन विधेयक, 2026 पर मंगलवार को 9 घंटे चर्चा हुई. बुधवार को विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी बिल पर 50 मिनट बोले. विपक्ष के हंगामे के बीच ही बिल पास हुआ. वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) विधेयक पास हो गया. अब जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम को कानूनी संरक्षण मिलेगा. वंदे मातरम का अपमान, अनादर और गायन में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा. तीन बजे कार्यवाही शुरू की गई लेकिन थोड़ी ही देर के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई. वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा, आप नेता विपक्ष हैं. आपको संसदीय मर्यादा में रहकर बोलना चाहिए. हम आपकी बात सुनने को तैयार हैं, लेकिन असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल न करें. रिजिजू ने कहा कि नियमों का पालन करते हुए सदन में बहस होनी चाहिए.

**1** गृह मंत्री का बयान सदन में महासंग्राम | **2** वंदे मातरम विधेयक राज्यसभा में हुआ पास | **3** सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोक झोक देखने को मिली



### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विपक्ष पर हमला बोला-

- जितेंद्र सिंह ने कहा, विपक्ष का आचरण बेहद निराशाजनक है.
- रचनात्मक सुझाव देने के बजाय विपक्ष राजनीति कर रहा है.
- विपक्ष के नेता की भाषा असंसदीय थी.
- राहुल द्वारा देश के युवाओं को मूर्ख कहना दुर्भाग्यपूर्ण है.

### लोकसभा में राहुल गांधी के संबोधन पर हंगामा



लोकसभा में एंटी पेपर लीक पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संबोधन पर जोरदार हंगामा हुआ. राहुल गांधी ने छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि देश के युवाओं का गुस्सा जायज है और उनका सम्मान किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए. इसी दौरान उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्दों का उल्लेख किया, जिस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई. राहुल गांधी ने कहा कि वह छात्रों के आंदोलन से उत्साहित थे और उन्हें विश्वास हुआ कि देश का भविष्य सड़कों पर अपनी बात रख रहा है. उन्होंने कहा कि यह आंदोलन गुस्से, हिंसा या नफरत का नहीं, बल्कि युवाओं और आने वाली पीढ़ी की भावनाओं की गहरी अभिव्यक्ति था. राहुल ने कहा कि भाजपा नेताओं को भी अपने बच्चों से पूछना चाहिए कि वे इस आंदोलन के बारे में क्या सोचते हैं.

| 50 | 09 | 03 | 05 |
|---|---|---|---|
| मिनट बिल पर बोले राहुल गांधी | घंटे चर्चा हुई मंगलवार को विधेयक पर | साल तक की जेल वंदे मातरम के अपमान | घंटे बुधवार को हुई चर्चा संसद में |

### वंदे मातरम विधेयक, 2026 के प्रमुख प्रावधान

- वंदे मातरम के अपमान करने पर 3 साल तक की जेल होगी जेल
- राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है.
- नए कानून में राष्ट्रगीत के अपमान के लिए तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों के प्रावधान हैं.

# भोपाल में किसानों का उग्र प्रदर्शन

## अर्धनग्न होकर की नारेबाजी, पुलिस का तोड़ा बैरियर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 29 जुलाई. वीर सावरकर ब्रिज पर लगे पुलिस के बैरियर को तोड़कर बुधवार को किसान आगे बढ़े. मूंग खरीदी सहित कई मांगों को लेकर प्रदेश भर से आए किसानों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा. सीएम हाउस का घेराव करने भोपाल पहुंचे किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयास किया. इस दौरान किसानों के कपड़े भी फटे और अर्धनग्न होकर सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया. शाम के करीब साढ़े चार बजे किसान बैरियर को तोड़कर वीर सावरकर ब्रिज पर आ गए.**



मूंग खरीदी सहित कई मांगों को लेकर प्रदेश भर से आए किसान

पुलिस ने बोर्ड आफिस, व्यापम चौराहा, रोशनपुरा सहित स्थानों पर पहले से बैरिकेटिंग कर किसानों को रोकने का भी प्रयास किया. किसानों के प्रदर्शन के चलते एम्स की तरफ जाने वाले चौराहे से लेकर बाग सेवनियां थाना चौराहे तक का रास्ता पूरी तरह बंद रखा गया. बाबूलाल गौर ब्रिज बावडिया कलां से ट्रैफिक पुलिस ने रुट डायवर्सन भी किया, जिससे एंबुलेंस सहित वाहनों का आवागमन शहर में हो सके.

किसानों के प्रदर्शन के बीच पुलिस कमिश्नर संजय कुमार मौके पर मौजूद रहे. इस दौरान किसानों से बात करने की कोशिश की गई लेकिन, बात नहीं बनी. किसान अपनी मांगो को लेकर सीएम हाउस का घेराव करने की बात कहते रहे. किसानों के प्रदर्शन के बीच पुलिस ने भी एहतियात बरता. सीएम हाउस की तरफ जाने वाले मार्ग की तरफ कूच करते हुए कुछ युवा किसान इस दौरान न्यू मार्केट तक पहुंचे. राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ होशंगाबाद के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गौड़ ने नवभारत से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार से अपनी मांगो को लेकर सभी किसान एकत्रित हुए हैं. प्रदेशभर के जिलों से 19 संगठनों से जुड़े किसान भोपाल पहुंचे हैं. उनके साथ कुछ... ▶ शेष पेज 12 पर

### किसानों का 25 नहीं अब 60 फीसदी मूंग खरीदेगी सरकार

भोपाल (प्रशासनिक संवाददाता). 29 जुलाई. प्रदेश के अन्नदाता किसानों के आंदोलन के बाद अब राज्य सरकार मूंग खरीदी के मामले में झुकती नजर आ रही है. किसानों के साथ मंत्रालय में दो घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक के बाद मंत्रियों की कमेटी और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने- अपने तर्क रखे और बीच का रास्ता निकालने की कोशिश की. लेकिन इस मामले में किसानों के रवैये में किसी तरह की कोई नरमी नहीं दिखी, आखिरकार राज्य सरकार ने ही एक कदम आगे बढ़ते हुए किसानों के ग्रीष्मकालीन मूंग उपज का 25 के बजाय 60 फीसदी तक एमएसपी पर खरीदी करने का बड़ा निर्णय ले लिया है. इतना ही नहीं स्लॉट बुकिंग की अवधि को 30 जुलाई से बढ़ाकर 10 अगस्त कर दिया है. इस तरह इसमें 10 दिन की बढ़ोतरी कर दी है. इसी तरह उपार्जन की अवधि को भी 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त कर दिया है. अब किसान 20 अगस्त तक एमएसपी पर मूंग बेच सकेंगे... ▶ शेष पेज 12 पर

- **स्लॉट बुकिंग की अवधि भी 10 दिन बढ़ाई**
- **ई-टोकन से खाद वितरण की व्यवस्था तत्काल बंद**

# तीसरी बार वनडे में गिल नंबर एक बल्लेबाज

## वैभव ने टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में 230 पायदान की लगाई छलांग

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. बुधवार को जारी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल अपने करियर में तीसरी बार वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।**



वहीं, वैभव सूर्यवंशी को भी टी20 रैंकिंग में जबरदस्त फायदा पहुंचा है। हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की 3-0 की जीत के बाद वैभव ने ताजा टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में 230 पायदान की छलांग लगाई है। 15 वर्षीय वैभव टॉप 50 रैंकिंग में शामिल हो गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों में वैभव ने 50.33 की औसत से खेलते हुए 151 रन बनाए थे और उन्हे 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। वैभव 536 रेटिंग पॉइंट्स के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 48वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं.

ईशान किशन क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। ईशान के 910 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। तिलक वर्मा ने दो पायदान की छलांग लगाई है और वह छठे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि श्रेयस अय्यर सात स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर आ गए हैं। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में 31 स्थान की छलांग लगाकर 41वें नंबर पर आ गए हैं.

# कॉमनवेल्थ गेम्स में अरुंधति ने पक्का किया पदक

**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने बुधवार को महिलाओं के 70 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की मॉर्गन हेंडरसन को 3-1 के स्प्लिट फैसले से हराकर पदक पक्का कर लिया। इस जीत के बाद अरुंधति ने खुलासा किया कि मुकाबले से पहले वजन कम करना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती थी और उन्होंने बाउट से पहले 2 किग्रा वजन घटाया। अरुंधति चौधरी ने तीन राउंड के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया.

# टेलीग्राम के संस्थापक पर लगाया आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप

**मास्को, 29 जुलाई. रूस ने टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव पर लगाया आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप, जारी किया अंतरराष्ट्रीय अरेस्ट वारंट रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने बुधवार को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव पर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है.**



एजेंसी का कहना है कि टेलीग्राम ने ऐसे कंटेंट को हटाने में विफलता दिखाई, जिसका इस्तेमाल रूस के भीतर तोड़फोड़, आतंकवादी गतिविधियों और साइबर धोखाधड़ी के संचालन के लिए किया जा रहा था।एफएसबी ने यह भी जानकारी दी कि पावेल डुरोव के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया है.

# एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा समेत दो की गिरफ्तारी

**रांची, 29 जुलाई। झारखंड पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे शीर्ष माओवादी मिसिर बेसरा को गिरफ्तार कर लिया है.**




उस पर झारखंड, ओडिशा सहित कई राज्यों में दर्ज नक्सली मामलों के चलते एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था. पुलिस ने उसे मंगलवार शाम धनबाद जिले के बरवड्डा थाना क्षेत्र के मनियाडीह इलाके से गिरफ्तार किया. इस कार्रवाई के दौरान उसके दो अन्य सहयोगियों को भी हिरासत में लिया गया, जिनसे सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं. मिसिर बेसरा मूल रूप से गिरिडीह जिले के हरलाडीह गांव का रहने वाला है और लंबे समय से माओवादी संगठन की गतिविधियों में सक्रिय बताया जाता रहा है.

**उपलब्धि** | रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में लिखित जवाब दिया

# 10 साल में रेल दुर्घटनाओं में 90 % की भारी कमी

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. भारतीय रेलवे में सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में बताया कि पिछले 10 वर्षों में ट्रेन दुर्घटनाओं में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है.**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि वर्ष 2014-15 में 135 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2025-26 में घटकर मात्र 16 रह गईं. चालू वित्तीय वर्ष में जून महीने तक केवल दो दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं. मंत्री ने 'कॉन्सिक्वेंशियल एक्सीडेंट इंडेक्स' का आंकड़ा देते हुए कहा कि यह 2014-15 में 0.11 से घटकर 2025-26 में 0.01 हो गया है, जो करीब 91 प्रतिशत की कमी दर्शाता है.

### लिए गए प्रमुख सुरक्षा उपाय

- 6,671 स्टेशनों पर सेंट्रलाइज्ड इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ पूरी ट्रैक सर्किटिंग लागू.
- 10,395 लेवल क्रॉसिंग गेट्स को इंटरलॉक किया गया. सभी लोकोमोटिव में विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस लगाए गए.
- कोहरे वाले क्षेत्रों में लोको पायलटों को जीपीएस -आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध कराए गए.
- अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन टेस्टिंग, लंबी रेल वेल्डिंग और बेहतर वेल्डिंग तकनीक अपनाई गई.

### सुरक्षा पर खर्च दोगुना से भी ज्यादा बढ़ा

रेल मंत्रालय के अनुसार, सुरक्षा संबंधी कार्यों पर व्यय लगातार बढ़ाया गया है. वर्ष 2013-14 में यह खर्च 39,200 करोड़ रुपये था, जो 2026-27 में बढ़कर 1,20,389 करोड़ रुपये हो गया है.